SEWADHAM ASHRAM

EST.1989

DAILY HIGHLIGHTS

Saturday, 5 April, 2025

36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

यज्ञ सम्राट परम पूज्य स्वामी श्रीप्रखरजी महाराज द्वारा विशेष पूजन

सिंहस्थ 2004 से अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के मुख्य आर्शीवाददाता, संरक्षक, मार्गदर्शक एवं यज्ञ सम्राट परम पूज्य स्वामी श्रीप्रखरजी महाराज ने सेवाधाम आश्रम में महाअष्टमी पर माँ भगवती का विशेष पूजन अर्चन किया, आश्रम के समग्र उत्थान हेतु सुधीर भाई ने महाराजश्री से विचार विमर्श कर मार्गदर्शन लिया और आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर लम्बी चर्चा की। अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम द्वारा वर्ष 2028 में महाराजश्री के निर्देशन व सानिध्य में दिव्यांग एवं बुजूर्गों हेतु विशेष सेवा शिविर का आयोजन श्री प्रखर परोपकार मिशन के साथ सम्पन्न करेगा।

महाराजश्री ने आश्रम में रात्रि विश्राम पश्चात आश्रम के निर्माणाधीन नवीन प्रकल्पों का अवलोकन कर आश्रम के बुजूर्गों एवं दिव्यांगों को आर्शीवाद दिए। इस अवसर पर सुधीर भाई की उपस्थिति में पण्डित श्रीराम शर्मा, बड़वई ने महाराजश्री से आर्शीवाद प्राप्त कर आगामी 14 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले 125 कन्याओं के विवाह सम्मेलन की जानकारी प्रदत्त की।

महाअष्टमी पर 47 वर्षीय मनोरोगी संतोष गजानन को मिला जीवन जीने का सहारा

माता-पिता के निधन के बाद बेसहारा स्थिति में नवरात्री की महाअष्टमी पर 47 वर्षीय मनोरोगी संतोष गजानन महाबल, मुम्बई-इन्दौर को कलेक्टर इन्दौर, विधायक डॉ.चिंतामणि मालवीय एवं विधायक मधु वर्मा की अनुशंसा से प्रवेश दिया गया। इसी प्रकार 3 अन्य पीड़ितों के प्रवेश हेतु कार्यवाही जारी है।

सद्गुरु स्वाध्याय मंदिर में महाअष्टमी पर परिवार सहित विशेष पूजन

महाअष्टमी पर दिव्य कन्याओं हेतु विशेष प्रसादी

महाअष्टमी पर्व पर अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम की दिव्य कन्याओं हेतु विशेष भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

श्रीमती पल्लवी अमित सुरणा जी (US) द्वारा दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए जंबो कूलर भेंट

ग्रीष्म ऋतु में गर्मी से राहत हेतु, श्रीमती पल्लवी अमित सुरणा जी (US) ने श्री अभय हिंगड जी के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं बुजूर्गों के लिए 4 जम्बो कूलर दान स्वरूप सेवाधाम आश्रम पहुंचाए।

बच्चों की चिकित्सक डॉ.श्रीमती रतना खालसा ने आश्रम के बच्चों के लिए फ़िज़िशन सैम्पल की दवाइयाँ उपलब्ध कराई।

आश्रम के आनंद करूणालय के मनोरोग विभाग में निवासरत बहुदिव्यांग मनोरोगी एवं मूकबधिर पवन के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी एवं झगड़े के दौरान चोट लग गई।

इंदौर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ अभिभाषक ने सेवाधाम आश्रम का अवलोकन किया

इन्दौर के समाजसेवी श्री गोविन्द मित्तल (इंडीयन गैस), श्रीमती राजश्री मंगल एवं वरिष्ठ अभिभाषक श्री घनश्याम विजयवर्गीय के साथ सेवाधाम आश्रम पधारे।

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।
आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट में भी सहोग कर सकते हैं:
Bank Name: YES BANK
Account Name: SEWADHAM ASHRAM
Account number: 038194600000563
IFSC: YESB0000381